Samyak
An Institute For Civil Services


# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

Date
16/05/2025



## जेवर में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र को मंजूरी



- स्थान – YEIDA क्षेत्र, जेवर एयरपोर्ट के पास (U.P.)
- संयुक्त परियोजना – HCL + Foxconn
- निवेश – ₹3700 करोड़
- उत्पादन – डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स (मोबाइल, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल आदि के लिए)
- देश की छठी सेमीकंडक्टर इकाई होगी।

## चंद्रयान-5 (LUPEX) मिशन




- संयुक्त परियोजना – भारत ⊕ जापान
- प्रक्षेपण यान – जापानी H3 रॉकेट
- संभावित प्रक्षेपण – 2027-28
- मिशन अवधि – लगभग 100 दिन
- उद्देश्य – चंद्रमा की सतह व उपसतह में जल व बर्फ की खोज और सैंपल ड्रिलिंग
- कुल उपकरण – 7, जिनमें ISRO, JAXA, NASA और ESA का योगदान
  - ISRO – लैंडिंग और वैज्ञानिक उपकरण
  - JAXA – रोवर व सेंसर
  - NASA – न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रोमीटर
  - ESA – मास स्पेक्ट्रोमीटर

## समुद्री जल विलवणीकरण में DRDO की नई तकनीक



- तकनीक – स्वदेशी नैनोपोरस पॉलीमर झिल्ली
- उद्देश्य – समुद्र के खारे पानी को पीने योग्य ताजे पानी में बदलना।
- उपयोग – भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के जहाजों में जल संकट का निदान।

## भारत – यूरोपीय संघ सहयोग – समुद्री प्लास्टिक कचरे से हाइड्रोजन निर्माण



- पहल – भारत – यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अन्तर्गत
- कुल संयुक्त निवेश – ₹ 391 करोड़ (41 मिलियन यूरो)
- पहली परियोजना का वित्त पोषण – केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और Horizon Europe द्वारा।
    - उद्देश्य – महासागर में माइक्रोप्लास्टिक, भारी धातुएं और कार्बनिक प्रदूषकों की निगरानी व शमन हेतु तकनीक विकसित करना।
- दूसरी परियोजना का वित्त पोषण – केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय और Horizon Europe.
    - भारत का योगदान – ₹ 90 करोड़, यूरोपीय संघ का योगदान – ₹ 96 करोड़
    - उद्देश्य – हरित हाइड्रोजन के लिए सस्ती, कुशल और पर्यावरण – अनुकूल विधियाँ विकसित करना।
- नोट – भारत, अमेरिका के बाद ऐसा दूसरा देश है जिसके साथ यूरोपीय संघ ने यह MOU किया है।

## वैश्विक आंतरिक विस्थापन रिपोर्ट 2025 (GRID)




- जारीकर्ता – Internal Displacement Monitoring Centre (IDMC)
- आंतरिक विस्थापन – जब लोग संघर्ष, हिंसा या आपदा के कारण अपने घर छोड़ते हैं, लेकिन देश की सीमाओं से बाहर नहीं जाते।
- प्रमुख निष्कर्ष –
    - प्राकृतिक आपदाओं से विस्थापन – 2024 में 45.8 मिलियन लोग।
    - अमेरिका में सर्वाधिक विस्थापन – 11 मिलियन, जंगल की आग प्रमुख कारण।
    - संघर्षों से विस्थापन – 20.1 मिलियन लोग।
- भारत की स्थिति –
    - संघर्षों से विस्थापन – 1700 लोग
    - आपदाओं से विस्थापन – 5.4 मिलियन लोग।
    - असम में 2.5 मिलियन लोग बाढ़ के कारण विस्थापित हुए।

- क्षेत्रवार स्थिति (शीर्ष 3)

| क्षेत्र | कुल विस्थापन (मिलियन) | आपदा जनित (मिलियन) | प्रमुख कारण |
|---|---|---|---|
| उप-सहारा अफ्रीका | 19.3 | 7.8 | संघर्ष, सूखा, बाढ़ |
| पूर्वी एशिया व प्रशांत | 16.2 | 14.8 | चक्रवात, बाढ़, भूस्खलन |
| अमेरिका | 14.5 | 13.1 | जंगल की आग, तूफान |

## ReNew Power द्वारा भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय उर्जा परिसर (Re Complex)

- स्थान – बेयपल्ले गाँव, अनंतपुर ज़िला, आंध्र प्रदेश
- घोषणा – Renew Power ने देश देश के सबसे बड़े एकल-स्थल RE परिसर की स्थापना की।
- निवेश – ₹22,000 करोड़
- उद्घाटन – 16. May. 2025




- कुल योजनाबद्ध क्षमता
  - सौर उर्जा – 1800 MW (पीक)
  - पवन उर्जा – 1000 MW
  - BESS – 2000 MW घंटे
- प्रथम चरण की संरचना
  - सौर उर्जा – 587 MW
  - पवन उर्जा – 250 MW
  - बैटरी उर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) – 415 MW घंटे
  - व्यय (पहला चरण) – ₹7000 करोड़

## ड्रोन हमलों से निपटने के लिए भार्गवस्त्र प्रणाली का सफल परीक्षण



- विकासकर्ता – सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL)
- प्रणाली का नाम – स्वदेशी एंटी-ड्रोन हथियार प्रणाली
- उद्देश्य – ड्रोन झुंडों (Swarm Drones) की पहचान, ट्रेकिंग और उन्हें निष्क्रिय करना।
- प्रमुख तकनीकें –

1. हार्ड-किल मोड 2. सॉफ्ट-किल मोड 3. डिटेक्शन सिस्टम

## डेनमार्क में दुनिया का पहला वाणिज्यिक ई-मेथनॉल संयंत्र शुरू



- स्थान – कैस्सो, डेनमार्क
- विकास – European Energy (डेनमार्क) और Mitsui (जापान)
- क्षमता – प्रति वर्ष 42,000 मीट्रिक टन ई-मेथनॉल
- ईंधन स्रोत – नवीकरणीय ऊर्जा, बायोगैस और अपशिष्ट से प्राप्त $CO_2$
- लागत – € 150 मिलियन (लगभग $ 167 मिलियन)
- उद्देश्य – शिपिंग सेक्टर को हरित ईंधन विकल्प देना
- विशेषता – पारंपरिक मेथनॉल प्राकृतिक गैस या कोयले से बनता है, जबकि ई-मेथनॉल पूरी तरह कार्बन-न्यूट्रल होता है।

## भारत का पहला CCU टेस्टबेड क्लस्टर (सीमेंट उपयोग हेतु)

- विकासकर्ता – विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार
- मॉडल – सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP)
- उद्देश्य
  - सीमेंट उद्योग में $CO_2$ उत्सर्जन को घटाना।
  - CCU तकनीक के माध्यम से $CO_2$ को उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित करना।
- 5 प्रमुख CCU टेस्टबेड और साझेदार संस्थान

| स्थान | संस्थान / साझेदार |
|---|---|
| बल्लभगढ़, हरियाणा | JK Cement + NCCBM |
| IIT कानपुर | JSW Cement |
| IIT बॉम्बे | डालिया Cement |
| IIT तिरुपति, CSIR-IIP, IISc | JSW Cement |
| IIT मद्रास, BITS गोवा | UltraTech Cement |



## राष्ट्रीय डेंगू दिवस (National Dengue Day) – 16 May


- 2025 की थीम – 'शीघ्र कार्रवाई करें, डेंगू रोकें : स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन'

## अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस (International Day of Light) – 16 May



- 2025 की थीम – 'प्रकाश, नवाचार, समाज'
- शुरुआत – थियोडोर मैमन द्वारा वर्ष 1960 में लेजर के पहले सफल संचालन की स्मृति में।

## सिक्किम की भारत में स्थापना के 50 वर्ष – 16 May




- 16.May.1975 – संविधान (36 वां संशोधन) अधिनियम, 1975 पारित हुआ, जिससे सिक्किम का भारत में पूर्ण विलय हुआ।
- वर्ष 2025 में – सिक्किम को भारत का राज्य बने 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं।

# राजस्थान परिदृश्य

## ☞ राजस्थान का पहला भगवान देवनारायण कॉरिडोर भीलवाड़ा में बनेगा

- परियोजना – केन्द्र सरकार की 'प्रसाद योजना' के अन्तर्गत स्वीकृत की गई है।
- कुल स्वीकृत राशि – ₹ 48.73 करोड़
- विकास क्षेत्र – लगभग 30 km.
  - ↳ इसमें मालासेरी डूंगरी, साडूमाता की बावड़ी, सवाईभोज मंदिर, गढ़ गोठा और बरनागर शामिल है।
- भीलवाड़ा कलेक्टर ने इन 5 स्थलों पर 11 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है।
- प्रस्तावित विकास कार्य
  - 23,900 वर्गमीटर का सभास्थल
  - 500 वर्गमीटर का सभा मंच
  - 5 प्रवेश द्वार
  - 12000 वर्गमीटर की पार्किंग सुविधा
  - भोजनशाला, बहुउद्देशीय भवन



## ☞ राजस्थान में कॉलेजों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन होगा

- क्लब के कार्य
  - प्रतिमाह परिवहन विभाग के सहयोग से यातायात नियमों की जानकारी देना।
  - पोस्टर प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन
  - सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुँचाने हेतु गुड सेमेरिटन (भले लोग) की भूमिका निभाना।
  - बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS), CPR और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देना।




- क्लब संरचना
  - संरक्षक – कॉलेज के प्राचार्य
  - संयोजक – वरिष्ठ संकाय सदस्य

## SNA स्पर्श क्रियान्वयन में राजस्थान अव्वल

- SNA स्पर्श – एकीकृत शीघ्र हस्तांतरण प्रणाली
- 16 May 2025 – जयपुर में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- उद्देश्य – केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की राशि को तेजी और पारदर्शिता से राज्यों तक पहुंचाना।

## सौम्या चौधरी ने एशियन अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में स्वर्ण जीता



- स्पर्धा – गर्ल्स डबल्स इवेंट
- टूर्नामेंट आयोजन – पटाया, थाइलैंड

## बालोतरा नगर विकास न्यास (UIT) का गठन

- नवगठित UIT में बालोतरा शहर सहित 120 गांव सम्मिलित हैं।
- घोषणा – बजट 2025-26 में।
- चैयरमैन – जिला कलेक्टर, सदस्य – 6

## सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने हेतु संभावित रूट पर रिसर्च होगी



- अलग से बजट आवंटन और विशेष समिति का गठन भी होगा।
- तकनीक – डेनमार्क की वैज्ञानिक तकनीक जिसमें तरंगों के जरिए पैलियो चैनल यानी प्राचीन नदी मार्ग का पता लगाया जा सकता है।
- प्रोजेक्ट में शामिल अन्य संस्थान – ISRO, काजरी (जोधपुर), IIT BHU (वाराणसी)
- संभावित नदी मार्ग (900 Km., पश्चिम राजस्थान)
  - नदी के प्रवाह की संभावना हनुमानगढ़ से कच्छ (गुजरात) तक है।
  - संभावित मार्ग
    - हरियाणा का ओटू हेड (घग्घर नदी से जुड़ा)
    - राजस्थान में प्रवेश – हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी तहसील

## खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स 2025 में राजस्थान

- आयोजन – बिहार
- राजस्थान का स्थान – तीसरा (अब तक का सर्वश्रेष्ठ)
  (24 स्वर्ण, 12 रजत और 24 कांस्य पदक)
- शीर्ष 3 राज्य – पदक तालिका

| राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 58 | 47 | 53 | 158 |
| हरियाणा | 39 | 27 | 51 | 117 |
| राजस्थान | 24 | 12 | 24 | 60 |




- खेलवार पदक तालिका – राजस्थान (कुल : 60 पदक)

| क्रम | खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साइक्लिंग | 9 | 2 | 3 | 14 |
| 2 | शूटिंग | 3 | 2 | 2 | 7 |
| 3 | जूडो | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 4 | योगासन | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 5 | एथलेटिक्स | 2 | 2 | 0 | 4 |
| 6 | कुश्ती | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 7 | मुक्केबाजी | 2 | 1 | 4 | 7 |
| 8 | तलवारबाजी | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 9 | भारतोलन | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | बास्केटबॉल | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 11 | तीरंदाजी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 12 | तैराकी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 13 | वॉलीबॉल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | कबड्डी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 15 | रग्बी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 16 | कलारिपयाट्टू | 0 | 2 | 1 | 3 |
| 17 | थांग-टा | 0 | 0 | 1 | 1 |
| कुल | | 24 | 12 | 24 | 60 |

- राजस्थान के शेफ-दि-मिशन
  रणविजय सिंह चम्पावत

## राजस्थान में बर्तन बैंक स्थापना हेतु नए प्रावधान

- **नया प्रावधान** – विधायक भी अपने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष (MLA-LAD fund) से प्रत्येक विधानसभा कार्यकाल में एक पंचायत को अधिकतम ₹ 1 लाख तक की अनुशंसा कर सकेंगे।
- **योजना** – राज्य में 1000 पंचायतों में बर्तन बैंक स्थापित किए जाएंगे।
- प्रत्येक पंचायत को ₹ 1 लाख की सहायता राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।
- **बर्तन बैंक की संरचना** –

| विवरण | संख्या / प्रावधान |
|---|---|
| प्रति पंचायत बर्तन बैंक | 400 बर्तन |
| एक बर्तन सेट में | 6 बर्तन |
| बर्तन किराया | ₹ 3 प्रति बर्तन |



Samyak

An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram